बिहार सरकार

ऊर्जा विभाग

## कार्यालय आदेश

सं0:–प्र0 / ऊर्जा स्था0–04 / 2020– 36 / पटना, दिनांक:– 08.07.2026

सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार के पत्रांक–920 दिनांक–27.05.2026 के आलोक में ऊर्जा विभाग के सभी संचिकाओं को e-Office के माध्यम से उपस्थापित करनी है। उक्त कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्न निदेश दिये जाते हैं:–

1 सभी फाइल कस्टोडियन (ASO / लिपिक एवं अन्य) अपने सभी रनिंग संचिकाओं का स्कैनिंग पूर्ण रूपेण करवा लेंगे।

2 Scanning पूर्ण होने के पश्चात संबंधित फाइल को e-Office पर माइग्रेट करवा लेंगे। माइग्रेशन करवाने हेतु IT डिपार्टमेंट से e-Office के कार्य में सहयोग हेतु प्रतिनियुक्त कर्मी अथवा विभागीय IT Manager से संपर्क करेंगे।

3 विभाग में प्राप्त पत्र, आगत शाखा में जाने से पूर्व संबंधित उप सचिव द्वारा e-Office के माध्यम से बढ़ने वाले पत्र पर "e-Office के माध्यम से" लिखना सुनिश्चित कर लेंगे ताकि आगत शाखा उस पत्र को श्री विनोद कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को उपलब्ध करा देंगे।

4 श्री विनोद कुमार उस पत्र को स्कैन कर e-Office पर संबंधित ASO / लिपिक / अन्य को उपलब्ध करायेंगे। श्री विनोद कुमार के अनुपस्थिति / अवकाश में रहने पर उक्त कार्य श्री सुरज कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर द्वारा किया जायेगा।

5 संबंधित ASO / लिपिक / अन्य उस पत्र को संबंधित संचिकाओं के साथ e-Office में Add करेंगे, यदि उस पत्र के लिए नयी संचिका खोलने की आवश्यकता है तो नयी संचिका भी e-Office में ही Create करेंगे तथा संबंधित पदाधिकारी से संचिका वापस आने के उपरांत संचिका में आदेशित / हस्ताक्षरित पत्र / कार्यालय आदेश / अधिसूचना / अन्य को प्रिंट कर निर्गत शाखा को उपलब्ध करा देंगे ताकि निर्गत शाखा द्वारा संबंधित कार्यालय / पदाधिकारी को भेजा जाये।

6 टंकण में सहायता हेतु विभाग में अन्य कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर से सहयोग प्राप्त कर सकते है।

उक्त पर सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना का आदेश प्राप्त है।

ह0 / –

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक:–प्र0 / ऊर्जा स्था0–04 / 2020– 3779 / पटना, दिनांक:– 08.07.2026

प्रतिलिपि:–विभाग में कार्यरत सभी संबंधित पदाधिकारियों / कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

08.07.26

सरकार के संयुक्त सचिव।